CLASS NOTES

Class: VII	Topic: कार्यपत्रक [वसंत] पाठ- 4, 5, 7, एवं 8
Subject: HINDI	

1-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ------

कठपुतली गुस्से से उबली बोली-
ये धागे क्यों हैं मेरे पीछे-आगे?
इन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो |

क- कठपुतली कविता के रचयिता हैं
(i) मैथलीशरण गुप्त
(ii) भवानी प्रसाद मिश्र
(iii) सुमित्रानंदन पंत
(iv) सुभद्रा कुमारी चौहान

ख- कठपुतली के मन में कौन-सी इच्छा जागी?
(i) मस्ती करने की
(ii) खेलने की
(iii) आज़ाद होने की
(iv) नाचने की

ग- कठपुतली की मनोदशा कैसी थी?
(i) प्रसन्नचित्त
(ii) प्रफुल्लित
(iii) उल्लसित
(iv) दुखी।

2- इस कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? [दीर्घ उत्तरीय]

3- क्या आपको दूसरों के इशारों पर काम करना अच्छा लगता है? इसका तर्कसंगत उत्तर दीजिए। [मूल्यपरक]

मिठाईवाला --------

4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -------

क- 'मिठाईवाला' पाठ के लेखक के नाम हैं
(i) भवानीप्रसाद मिश्र
(ii) भगवतीप्रसाद वाजपेयी
(iii) विजय तेंदुलकर
(iv) शिवप्रसाद सिंह

ख- रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से किसका स्मरण हो आया?
(i) मिठाईवाले को
(ii) खिलौनेवाले का
(iii) फेरीवाले का
(iv) बच्चों का

ग- खिलौनेवाले का गान गली भर के मकानों में कैसे लहराता था?
(i) झील की तरह
(ii) सागर की तरह
(iii) दो आने में
(iv) तीन रुपए में

घ- रोहिणी ने मुरलीवाले की बातें सुनकर क्या महसूस किया?
(i) ऐसे फेरीवाले आते-जाते रहते हैं
(ii) वह महँगा सामान बेचता है।
(iii) ऐसा स्नेही फेरीवाला पहले नहीं देखा।
(iv) मुरलीवाला अच्छा व्यवहार नहीं करता

5- 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा'- कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा ?

6- इस कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती हैं? यदि करती हैं तो क्यों? आपकी राय में क्या यह सही है? [मूल्यपरक प्रश्न]

7- रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो गया?

पापा खो गए ----------------

8- निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए ------

क- खंभा, पेड़, लैटरबक्स सभी एक साथ कहाँ खड़े थे ?

(i) विद्यालय के समीप

(ii) जंगल के पास

(iii) समुद्र के किनारे

(iv) झील के किनारे

ख- आसमान में गड़गड़ाती बिजली किस पर आ गिरी थी?

(i) खंभे पर

(ii) पेड़ पर

(iii) लैटरबक्स पर

(iv) पोस्टर पर

ग- पत्र को कौन पढ़ रहा है?

(i) पेड़

(ii) कौआ

(iii) लैटरबक्स

(iv) खंभा

घ- इस पाठ में किस समय यह घटनाएँ हो रही हैं?

(i) प्रात:काल

(ii) सायंकाल

(iii) रात्रि में

(iv) दोपहर में

लघु उत्तरीय प्रश्न -----

9- पेड़ ने खंभे को कैसे बचाया?

10- किस घटना को याद कर पेड़ थर-थर काँपने लगता है ?

11-'पापा खो गए' पाठ में आज के विद्यार्थियों की समस्या को किस तरह उभारा गया है ? [मूल्यपरक प्रश्न]

शाम एक किसान ---------

12- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ------

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा |

क- कवि और कविता का नाम लिखिए |

ख- पहाड़ रूपी किसान किस प्रकार बैठा हुआ है ?

ग- जंगल की अँगीठी किसे कहा गया है और क्यों ?

घ- पूरब में अंधकार किस प्रकार दिख रहा है ?

ङ- कविता में किस समय का वर्णन है ?

13- ‘शाम एक किसान’ कविता के प्राकृतिक चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए | [मूल्यपरक प्रश्न]